## Nukkad Natak competition held at XISS



Internal Complaint Committee of Xavier Institute of Social Service (XISS), Ranchi in collaboration with Aawaz Club- the dramatic society of XISS, organized a Nukkad Natak competition for creating awareness regarding gender discrimination and harassment as a part of its yearly training and awareness program on 6 April 2022 in XISS Courtyard. Director, XISS, Dr Joseph Marianus Kujur in his address to the gathering mentioned "Man and women are complementary to each other and one cannot function without the other". It is important to sensitize people about Gender Equality and so this theme today at this event holds great importance. He also emphasised on the "Importance of Gender equality in every sphere of life and breaking the stereotypes persisting in the society". A total of 4 teams participated in the event. The 1st prize was won by Team Rudraksh (theme – cleanliness of mind and state of women in the society) of Financial Management Programme and received a cash prize of Rs 7000; 2nd prize was won by team Aayna (theme – Sexual harassment at workplace) of Rural Management Programme who won Rs 4000. Team Nayan (theme – politics and workplace harassment) of Marketing Management Programme and Team Forced (theme – Gender Stereotypes) of Human Resource Management also presented their acts and all the participants received certificates of participation.

**PRESS - PIONEER**

रांची 07-04-2022

# एक्सआईएसएस में नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता, टीम रुद्राक्ष बनी विजेता

## लैंगिक भेदभाव और उत्पीड़न विषय पर किया जागरूक

सिटी रिपोर्टर . रांची

एक्सआईएसएस में बुधवार को नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता हुई। इसमें कॉलेज के विभिन्न डिपार्टमेंट के चार टीमों ने लैंगिक भेदभाव और उत्पीड़न के विषय में जागरूकता लाने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इसमें वित्तीय प्रबंधन की टीम रुद्राक्ष ने स्वच्छता और नारी का दर्जा थीम पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। ग्रामीण प्रबंधन की टीम आईना ने यौन उत्पीड़न विषय को अपने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया। मार्केटिंग प्रबंधन कार्यक्रम की टीम नयन ने राजनीति और कार्यस्थल उत्पीड़न पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर अपने विचार रखे। मानव संसाधन प्रबंधन की टीम फोर्स्ड ने जेंडर स्टीरियोटाइप पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया।



**ये बने विजेता :** इस नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में पहले स्थान पर वित्तीय प्रबंधन की टीम रुद्राक्ष ने प्राप्त किया। इस टीम को 7000 रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया। दूसरे स्थान पर ग्रामीण प्रबंधन की टीम आईना रही। उन्हें 4000 रुपए पुरस्कार के रूप में दिया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**PRESS - DAINIK BHASKAR**

# लैंगिक समानता की आवाज बुलंद की

- प्रथम पुरस्कार टीम रुद्राक्ष को मिला
- सात हजार रुपए का दिया गया पुरस्कार

रांची, प्रमुख संवाददाता। जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस), रांची की आंतरिक शिकायत समिति ने एक्सआईएसएस की ड्रामेटिक सोसाइटी आवाज क्लब के सहयोग से बुधवार को नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता आयोजित की।

यह लैंगिक भेदभाव और उत्पीड़न विषय पर केंद्रित प्रतियोगिता थी। इसकी शुरुआत करते हुए निदेशक डॉ जोसेफ मारियानुस कुजूर ने कहा कि पुरुष और महिला एक-दूसरे के पूरक हैं और एक-दूसरे के बिना काम नहीं कर सकते हैं। कहा कि लैंगिक समानता के बारे में लोगों को जागरूक करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने जीवन के हर क्षेत्र में लैंगिक समानता के महत्व और समाज में कायम रूढ़ियों को तोड़ने पर भी जोर दिया।प्रतियोगिता में चार टीमों ने भाग लिया। निर्णायक मंडली में सहायक निदेशक डॉ प्रदीप केरकेट्टा, डॉ रमाकांत अग्रवाल, डॉ अराना कौसर, डॉ भबानी महापात्रा और डॉ संजय वर्मा शामिल थे। प्रथम पुरस्कार वित्तीय प्रबंधन कार्यक्रम की टीम रुद्राक्ष को मिला। इस टीम ने स्वच्छता और नारी का दर्जा विषय पर प्रस्तुति दी। रुद्राक्ष ने 7000 रुपये का नकद पुरस्कार प्राप्त किया।

**PRESS - HINDUSTAN**

# टीम रुद्राक्ष ने जीती एक्सआईएसएस में आयोजित नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**रांची :** जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस), रांची की इंटरनल कम्प्लेंट् कमिटी (आईसीसी), ने आवाज क्लब-एक्सआईएसएस की ड्रामेटिक सोसाइटी के सहयोग से, अपने एक वार्षिक प्रशिक्षण के अंतर्गत, लैंगिक भेदभाव और उत्पीड़न के विषय में जागरूकता पैदा करने के लिए एक 'नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता' का आयोजन संस्थान परिसर में बुधवार को किया। निदेशक, एक्सआईएसएस, डॉ जोसेफ मारियानुस कुजूर एसजे ने अपने संबोधन में उल्लेख किया कि 'पुरुष और महिला एक दूसरे के पूरक हैं और एक दूसरे के बिना काम नहीं कर सकते'। लैंगिक समानता के बारे में लोगों को जागरूक करना महत्वपूर्ण है और इसलिए आज इस आयोजन में यह विषय बहुत महत्व रखता है। उन्होंने 'जीवन के हर क्षेत्र में लैंगिक समानता के महत्व और समाज में कायम रूढ़ियों को तोड़ने' पर भी जोर दिया। इस आयोजन में कुल 4 टीमों ने भाग लिया, जिसे डॉ प्रदीप केरकेट्टा एसजे, सहायक निदेशक, एक्सआईएसएस के साथ डॉ रमाकांत अग्रवाल, डॉ अराना कौसर, डॉ भवानी महापात्रा और डॉ संजय वर्मा के पैनल द्वारा उनके प्रदर्शन पर आंका गया। प्रथम पुरस्कार वित्तीय प्रबंधन कार्यक्रम की टीम रुद्राक्ष (विषय - स्वच्छता और नारी का दर्जा) द्वारा जीता गया और 7000 रुपये का नकद पुरस्कार प्राप्त किया; दूसरा पुरस्कार ग्रामीण प्रबंधन कार्यक्रम की टीम आईना (थीम झ कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न) ने जीता, जिसने 4000 रुपये जीते। मार्केटिंग प्रबंधन कार्यक्रम की टीम नयन (थीम झ राजनीति और कार्यस्थल उत्पीड़न) और मानव संसाधन प्रबंधन कार्यक्रम की टीम फोर्स्ड (थीम झ जेंडर स्टीरियोटाइप) ने भी प्रदर्शन प्रस्तुत किया और सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्राप्त हुए। एक्सआईएसएस के फैकल्टी, स्टाफ और छात्रों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और समाज में व्याप्त लैंगिक भेदभाव और उत्पीड़न के कई पहलुओं को देखा। आईसीसी की पीठासीन अधिकारी, डॉ मधुमिता सिंघा नियोगी और डॉ पूजा, सदस्य, आईसीसी एक्सआईएसएस, रांची सहित अन्य आईसीसी सदस्यों ने इस कार्यक्रम का समन्वय किया।

**PRESS - FREEDOM FIGHTER**

# लैंगिक समानता पर नुक्कड़ नाटक का मंचन



**रांची.** एक्सआइएसएस में बुधवार को लैंगिक भेदभाव और उत्पीड़न के विषय में जागरूकता पैदा करने को लेकर नुक्कड़ नाटक का मंचन हुआ. इसमें चार टीमों ने भाग लिया और नाटक का मंचन किया. निदेशक डॉ जोसेफ मारियानुस कुजूर एसजे ने कहा कि पुरुष और महिला एक-दूसरे के पूरक हैं और एक-दूसरे के बिना काम नहीं कर सकते हैं. लैंगिक समानता के बारे में लोगों को जागरूक करना महत्वपूर्ण है और इसलिए यह विषय बहुत महत्व रखता है. उन्होंने जीवन के हर क्षेत्र में लैंगिक समानता के महत्व और समाज में कायम रूढ़ियों को तोड़ने पर भी जोर दिया. मौके पर डॉ प्रदीप केरकेट्टा एसजे, सहायक निदेशक, डॉ रमाकांत अग्रवाल व डॉ अराना कौसर आदि मौजूद थे.

**PRESS - PRABHAT KHABAR**

# नाटक में दिखी जेंडर इक्वलिटी की तड़प

**टीम रुद्राथ ने जीती एक्सआइएसएस में आयोजित नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता**

ranchi@inext.co.in




**RANCHI(6 Apr.):** जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआइएसएस) रांची की इंटरनल कम्प्लेंट कमेटी (आइसीसी) ने आवाज क्लब एक्सआइएसएस की ड्रामेटिक सोसाइटी के सहयोग से अपने एक वार्षिक प्रशिक्षण को लेकर लैंगिक भेदभाव और उत्पीड़न...विषय पर जागरूकता पैदा करने के लिए नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया. एक्सआइएसएस के निदेशक डॉ जोसेफ मारियानुस कुजूर एसजे ने कहा कि महिला और पुरुष एक दूसरे के पूरक हैं. लैंगिक समानता के बारे में लोगों को जागरूक करना जरूरी है. इस आयोजन में यह विषय बहुत महत्व रखता है. उन्होंने जीवन के हर क्षेत्र में लैंगिक समानता के महत्व और समाज में कायम रूढ़ियों को तोड़ने पर भी जोर दिया. इस आयोजन में कुल 4 टीमों ने भाग लिया. जिसे डॉ प्रदीप केरकेट्टा एसजे, सहायक निदेशक, एक्सआइएसएस के साथ डॉ रमाकांत अग्रवाल, डॉ अराना कौसर, डॉ भवानी महापात्रा और डॉ संजय वर्मा के पैनल द्वारा उनके प्रदर्शन पर आंका गया.

### इन्हें मिला पुरस्कार

वित्तीय प्रबंधन कार्यक्रम की टीम रुद्राक्ष को स्वच्छता और नारी का दर्जा..विषय पर पहला स्थान प्राप्त हुआ. साथ ही 7000 का नगद पुरस्कार प्राप्त हुआ.

# PRESS - Inext

# टीम रुद्राक्ष ने जीता एक्सआईएसएस में आयोजित नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता

<u>नवीन मेल संवाददाता</u>

**रांची।** जेवियर समाज सेवा संस्थान , रांची की इंटरनल कम्प्लेंट कमिटी , ने आवाज क्लब- एक्सआईएसएस की ड्रामेटिक सोसाइटी के सहयोग से, अपने एक वार्षिक प्रशिक्षण के अंतर्गत, लैंगिक भेदभाव और उत्पीड़न के विषय में जागरूकता पैदा करने के लिए एक नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन संस्थान परिसर में बुधवार को किया।

निदेशक, एक्सआईएसएस, डॉ जोसेफ मारियानुस कुजूर एसजे ने अपने संबोधन में उल्लेख किया कि स्पुरुष और महिला एक दूसरे के पूरक हैं और एक दूसरे के बिना काम नहीं कर सकतेर। लैंगिक समानता के बारे में लोगों को



जागरूक करना महत्वपूर्ण है और इसलिए आज इस आयोजन में यह विषय बहुत महत्व रखता है।

इस आयोजन में कुल 4 टीमों ने भाग लिया, जिसे डॉ प्रदीप केरकेट्टा एसजे, सहायक निदेशक, एक्सआईएसएस के साथ डॉ रमाकांत अग्रवाल, डॉ अराना कौसर, डॉ भवानी महापात्रा और डॉ संजय वर्मा के पैनल द्वारा उनके प्रदर्शन पर आंका गया।

प्रथम पुरस्कार वित्तीय प्रबंधन कार्यक्रम की टीम रुद्राक्ष ( विषय - स्वच्छता और नारी का दर्जा ) द्वारा जीता गया और 7000 रुपये का नकद पुरस्कार प्राप्त किया। दूसरा पुरस्कार ग्रामीण प्रबंधन कार्यक्रम की टीम आईना ने जीता, जिसने 4000 रुपये जीते। मार्केटिंग प्रबंधन कार्यक्रम की टीम नयन और मानव संसाधन प्रबंधन कार्यक्रम की टीम फोर्स्ड ने भी प्रदर्शन प्रस्तुत किया और सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्राप्त हुए।

इस दौरानर आईसीसी की पीठासीन अधिकारी, डॉ मधुमिता सिंघा नियोगी और डॉ पूजा, सदस्य, आईसीसी एक्सआईएसएस, रांची सहित अन्य आईसीसी सदस्यों ने इस कार्यक्रम का समन्वय किया।

**PRESS - RASHTRIYA NAVEEN MAIL**

# लैंगिक समानता के बारे में लोगों को जागरूक करना जरूरी



नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित प्रतिभागी व अन्य • जागरण

**जासं, रांची** : जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआइएसएस) रांची की इंटरनल कंप्लेंट कमेटी (आइसीसी) ने आवाज क्लब एक्सआइएसएस की ड्रामेटिक सोसाइटी के सहयोग से अपने एक वार्षिक प्रशिक्षण को ले लैंगिक भेदभाव और उत्पीडन... विषय पर जागरूकता पैदा करने के लिए नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया। एक्सआइएसएस के निदेशक डा. जोसेफ मारियानुस कुजूर ने कहा कि महिला और पुरुष एक-दूसरे के पूरक हैं। लैंगिक समानता के बारे में लोगों को जागरूक करना जरूरी है। यह विषय बहुत महत्व रखता है।

**PRESS - DAINIK JAGRAN**